डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल,ठाणे

सन् २०२६ - २०२७

हिंदी दिवस समारोह

दिनांक : १५ सितंबर २०२६

---

१४ सितंबर 'हिंदी दिवस' के सम्मान में मनाए जाने वाले उत्सव को डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, ठाणे द्वारा *हिंदी सप्ताह* के रूप में मनाया गया | दिनांक १५ सितंबर २०२६ के दिन प्रात:कालीन प्रार्थना- सभा पूर्ण रूप में हिंदी में आयोजित की गई| हिंदी शिक्षिका द्वारा हिंदी भाषा के महत्त्व पर भाषण दिया गया | तत्पश्चात् छात्रों द्वारा हिंदी भाषा पर भाषण, कविता पाठ तथा दोहा गायन किया गया| प्रार्थना-सभा के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सिम्मी जुनेजा द्वारा पूरे विद्यालय की संबोधित किया गया तथा राजभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए भाषण का समापन हुआ| कक्षा छठी से लेकर नौवीं तक के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर हिंदी भाषा के प्रति न केवल अपनी रुचि दिखाई बल्कि हिंदी भाषा-सम्वर्धन का ज़िम्मा भी उठाया | इस प्रकार सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियों द्वारा हिंदी भाषा प्रति सम्मान प्रकट किया गया |











हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर करवाई गईं गतिविधियाँ













-निर्मला मनराल